

SHRI VISWANATHAN MOHANLAL

Shri Viswanathan Mohanlal is a renowned film actor from Kerala.

2. Born on May 22, 1960 Elanthur in Pathanamthitta District of Kerala, Shri Mohanlal has acted in about 350 films and produced or co-produced 35 movies, in his career spanning 40 years. Besides, he has also acted in many professional Dramas (stage plays). He has sung and recorded almost 50 songs for films and albums. His acting credits include Malayalam, Hindi, Tamil, Telugu, and Kannada Films. He has done more than 150 stage shows the world over, events including to raising funds for charity.

3. As a Social Goodwill Ambassador Shri Mohanlal has been a positive factor in bringing to public awareness about the many social causes of the Government of Kerala like Blood Donation, Deceased Organ Donation, AIDS awareness, Road Safety, Nutrition for Mother & Child, Immunization of children, Un-manned level crossings for Indian Railways and Save Power for the Kerala State Electricity Board. He has been the first and presently the only actor to be given the Honorary Rank of Lieutenant Colonel in the Territorial Army of India by the Government of India in 2009.

4. Shri Mohanlal was chosen as the 'Most Popular Keralite' by a survey conducted by the daily, Deccan Chronicle in 2011. He was featured in the list of 50 'OPEN' (a national fortnightly) Minds of our nation who in their profession made a positive difference in the affairs of others. He was featured by India Today in their list of 50 Most 'High & Influential' in a national survey.The national Outlook magazine identified him as one of the most 'Influential Indian' in the list of 50 people identified by them in a national survey. He was ranked 80th position by Readers Digest's as the 'India's Most Trusted People' in 2010. In 2010 he received an Honorary Doctorate from the Sree Sankaracharya University of Sanskrit, Kerala and in 2018 he received his second Honorary Doctorate from the University of Calicut, Kerala. The India Taekwondo Association affiliated to the World Taekwondo Association, Republic of Korea conferred him a Honorary Black Belt for his contribution for the promotion of the sports in India and through his great stunt performances in films.

5. Shri Mohanlal has received several awards and honours including Five National Awards; Nine State Awards from the Government of Kerala; IIFA Award [International Indian Film Academy Awards] – 2002; the Best Supporting Actor – he is the only non-Hindi actor to have won this coveted award; 'IMA Award' by the Indian Medical Association - he is the only individual from the non- medical field to have won this award. His other notable recognitions include Mother Teresa Award, Rotary International Award for Professional Excellence, numerous Film Fare Awards and many awards for his contributions to art and cinema. He received Padma Shri in 2001.

श्री वीश्वनातन मोहनलाल



श्री वीश्वनातन मोहनलाल केरल के एक जाने-माने सिने अभिनेता हैं।

2. आपका जन्म केरल के पथानमथिट्टा जिले में इलानतूर में दिनांक 22 मई, 1960 को हुआ। आपने 40 वर्षों के अपने कॅरियर में लगभग 350 फिल्मों में अभिनय किया है और 35 फिल्मों का प्रोडक्शन या सह-प्रोडक्शन किया है। इसके अलावा आपने कई पेशेवर नाटकों (मंच अभिनय) में भी अभिनय किया है। आपने फिल्मों और एल्बमों के लिए लगभग 50 गीत गाए हैं और रिकॉर्ड किए हैं। आपने मलयालम, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में अभिनय किया है। आपने पूरे विश्व में चैरिटी के लिए धनराशि जुटाने के लिए कार्यक्रमों सहित 150 से अधिक स्टेज-शो किए हैं।

3. सामाजिक सद्भावना दूत के रूप में आपने केरल सरकार के कई सामाजिक उद्देश्यों जैसे रक्तदान, मृत अंगदान, एड्स जागरूकता, सड़क सुरक्षा, जच्चा-बच्चा के लिए पोषण, बाल रोग प्रतिरक्षण, भारतीय रेल के लिए मानव रहित क्रॉसिंग तथा केरल राज्य विद्युत बोर्ड के लिए ऊर्जा बचाओ अभियान के बारे में जन-जागरूकता लाने के कार्य में सकारात्मक भूमिका निभायी है। आप पहले और एकमात्र ऐसे अभिनेता रहे हैं जिनको भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में भारत की प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का रैंक सम्मान में दिया गया है।

4. आपको वर्ष 2011 में दैनिक समाचार-पत्र डक्कन क्रोनिकल द्वारा किए गए सर्वेक्षण द्वारा 'सर्वाधिक लोकप्रिय केरलवासी' के रूप में चुना गया। आपका नाम राष्ट्र के 50 'ओपन' (राष्ट्रीय पाक्षिक) माइन्ड्स की सूची में आया था जो अपने पेशे में दूसरों के कार्य में सकारात्मक अंतर ला पाए। इंडिया टूडे द्वारा एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में 50 सर्वाधिक 'हाई एंड इंफ्लेन्सियल' की सूची में भी आपका नाम प्रकाशित किया गया था। राष्ट्रीय आउटलुक पत्रिका ने आपको एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में उनके द्वारा चिह्नित पचास लोगों की सूची में सर्वाधिक 'प्रभावशाली भारतीय' में से एक के रूप में चिह्नित किया। आपको वर्ष 2010 में 'इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड पीपुल्स' के रूप में रीडर्स डाइजेस्ट द्वारा अस्सीवां स्थान दिया गया। वर्ष 2010 में आपको श्री शंकराचार्य संस्कृत विद्यालय, केरल से ऑनरेरी डॉक्टरेट उपाधि मिली और वर्ष 2018 में आपको कालीकट विश्वविद्यालय, केरल से दूसरे ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि मिली। विश्व ताइकान्डो एसोसिएशन, कोरिया गणराज्य से सम्बद्ध इंडिया-ताइकान्डो एसोसिएशन द्वारा भारत में खेलकूद को बढ़ावा देने में आपकी योगदान तथा फिल्मों में आपके अद्भुत स्टंट प्रदर्शनों के लिए ऑनरेरी ब्लैक बेल्ट प्रदान किया गया।

5. आपको 5 राष्ट्रीय पुरस्कारों सहित कई पुरस्कार और सम्मान मिले हैं; जिनमें केरल सरकार से नौ राज्य पुरस्कार; आईआईएफए अवार्ड (इन्टरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवार्ड)-2002; सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता- आप इस प्रसिद्ध पुस्कार को पाने वाले एकमात्र गैर-हिन्दू अभिनेता हैं; इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा 'आईएमए अवार्ड' – आप इस पुरस्कार को पाने वाले चिकित्सा से इत्तर क्षेत्र के एकमात्र व्यक्ति हैं। आपके अन्य उल्लेखनीय सम्मानों में मदर टेरेसा पुरस्कार, पेशेवर उत्कृष्टता के लिए रोटरी इंटरनेशनल अवार्ड, कई फिल्म फेयर अवार्ड तथा कला और सिनेमा में योगदान के लिए कई अन्य पुरस्कार शामिल हैं। आपको वर्ष 2001 में पद्म श्री प्राप्त हुआ है।